# राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर

क्रमांक– परीक्षा 5–अ/बी.एड./एम.एड./2015/ दिनांक:

## "बी.एड./एम.एड. परीक्षा फार्म भरने संबंधी विज्ञप्ति"

राजस्थान विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त समस्त B.Ed./ Special B.Ed./ (O. 326 D)/ M.Ed. महाविद्यालय में अध्ययनरत ऐसे छात्र/छात्राऐं जो किन्हीं कारणवश अपना परीक्षा फार्म नहीं भर पाये अथवा जमा नहीं करवा पाये, को सूचित किया जाता है कि उन छात्र/छात्राओं के लिए ऑनलाईन पोर्टल पुनः खोला जा रहा है जिसकी अन्तिम दिनांक 07.03.2015 तक ऑनलाईन फार्म भरकर अग्रिम दो कार्य दिवस में निम्नलिखित फीस के साथ सम्बन्धित महाविद्यालयों को प्रस्तुत करें एवं महाविद्यालय इन परीक्षा आवेदन फार्मों को अग्रेषण के साथ दिनांक 11.03.2015 तक कमरा नं. 131, सरदार पटेल भवन, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर मे जमा करा सकते हैं, यह अन्तिम अवसर होगा।

1. **जिन छात्रों ने परीक्षा फार्म की हार्ड कॉपी निर्धारित समय में विश्वविद्यालय में जमा नहीं करवायी है, वे छात्र/छात्राऐं रूपये 1000/– विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन फार्म की हार्ड कॉपी सम्बन्धित महाविद्यालय के माध्यम से जमा करवाए।**

2. **जिन छात्रों ने ऑनलाईन आवेदन नहीं किया हैं वे छात्र/छात्राऐं रूपये 2900/– + 1000/– कुल 3900/– परीक्षा फीस के साथ ऑनलाईन आवेदन कर, हार्ड कॉपी सम्बन्धित महाविद्यालय को प्रस्तुत करें।**

परीक्षा नियंत्रक

क्रमांक– परीक्षा 5–अ/बी.एड./एम.एड./2015/ 13183–92 दिनांक: 4.3.2015

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. समस्त प्राचार्य, राजस्थान विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय।
2. निदेशक, इन्फोनेट सेंटर/छात्र परामर्श केंन्द्र, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर को प्रेषित कर लेख है कि विज्ञप्ति तथा दिशा निर्देश को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर तुरन्त प्रसारित करवाने की व्यवस्था करें।
3. प्रशासनिक सचिव, कुलपति, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
4. जनसम्पर्क अधिकारी, राजस्थान विश्वविद्यालय को प्रेषित कर लेख है कि विश्वविद्यालय के क्षेत्राधिकार मुख्य समाचार पत्रों (राजस्थान पत्रिका व दैनिक भास्कर) में विज्ञप्ति को एक बार प्रकाशित करवाने की व्यवस्था करें।
5. निजी सचिव, कुलसचिव/वित्त नियंत्रक एवं वित्तीय सलाहकार, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
6. समस्त उप–कुलसचिव/सहायक कुलसचिव/अनुभाग अधिकारी परीक्षा संचालन व गोपनीय अनुभाग/ शैक्षणिक –द्वितीय/ सेलर । व ।।, परीक्षा विविध, रिकार्ड शाखा, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
7. मैसर्स, हाईटेक स्केन ग्राफिक्स प्राइवेट, लिमिटेड, नई दिल्ली को सूचित कर लेख है कि बी.एड./एम. एड. परीक्षा आवेदन फार्म भरने हेतु ऑनलाईन पोर्टल को तुरन्त प्रभाव से खोलने का श्रम करें।

सहायक कुलसचिव (परीक्षा 5–अ)